सराहनीय कार्य
इटावा पुलिस

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

#CRACKDOWN

प्रेस नोट- दिनांक 13.08.2025

चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण करते हुये इटावा पुलिस द्वारा 02 अभियुक्तो को पुलिस मुठभेड़ में किया गया गिरफ्तार ,

कब्जे से 01 मोटर साइकिल(घटना में प्रयुक्त), 02 तमंचा 315 बोर, 04 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 03 खोखा कारतूस 315 बोर, आभूषण व 58,000/- रुपये नकद किये गये बरामद ।

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन में इटावा पुलिस **थाना बकेवर पुलिस द्वारा** की गयी कार्यवाही ।

घटना का संक्षिप्त विवरणः-

वादी शिवम कुमार पुत्र सियाराम निवासी महेबा मन्दिर थाना बकेवर जनपद इटावा द्वारा थाना बकेवर पर लिखित तहरीरी सूचना दी गयी कि दिनांक 11.08.2025 की रात्रि को अज्ञात चोरो ने उसके घर का ताला तोड़कर घर के अन्दर से आभूषण एवं नकदी चोरी कर लिये है । सूचना पर थाना बकेवर पर मु0अ0सं0 235/2025 धारा 305(A)/331(4) बीएनएस पंजीकृत किया गया ।

गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरणः-

जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं चोरी/लूट की घटनाओं को कारित करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है इसी के क्रम में दिनांक 12/13.08.2025 की रात्रि को थाना बकेवर पुलिस थाना क्षेत्रान्तर्गत महेबा चौराहे पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चैकिंग की जा रही थी । इसी दौरान 02 मोटर साइकिल कस्बा महेबा चौराहे की ओर से आती हुयी दिखायी दी जिन्हे पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया तो मोटर साइकिल सवार व्यक्तियों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर कर भागने लगे । थाना बकेवर पुलिस द्वारा पीछा करते हुये जरिये दूरभाष द्वितीय मोबाइल को अवगत कराया गया जिस पर मोटर साइकिल सवार व्यक्तियों द्वारा स्वयं को दोनों ओर से पुलिस टीमों से घिरता देख पुनः फायर किया गया । पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की गयी जिसकी **01 गोली अभियुक्त शिवकरन उर्फ बब्लू पुत्र रतीराम के दाहिने पैर में लगी तथा 01 गोली अभियुक्त दलवीर पुत्र ओमकार के बांये पैर** में लगी जिन्हे घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया ।

नोटः- 02 अभियुक्त अँधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे जिनकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम प्रयासरत है ।

पुलिस पूछताछः-

पकड़े गये अभियुक्तों से नाम पता पूछते हुये उनकी तलाशी ली गयी तो उनके कब्जे से कुल 02 तमन्चा 315 बोर, 03 खोखा व 04 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 58,000/- रुपये नकद, 01 अंगूठी सोने की, 01 कमर करधनी चांदी की, 02 जोड़ी पायल चांदी की बरामद किये गये । जिनके संबंध में कडाई से पूछताछ करने पर उनके द्वारा

चोरी की निम्न घटनाओं को कारित करना स्वीकार किया गया -

1. दिनांक 11.08.2025 की रात्रि को थाना बकेवर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम महेबा में 01 घर का ताला तोड़कर आभूषण एवं नकदी चोरी कर ली थी । उक्त घटना के सम्बन्ध मे थाना बकेवर पर मु0अ0सं0 235/2025 धारा 305(A)/331(4) बीएनएस पंजीकृत है ।

2. दिनांक 04.06.2025 को थाना बकेवर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम इन्द्रौसी के 02 घरो का ताला तोड़कर आभूषण और नकदी चोरी कर ली थी। उक्त घटना के सम्बन्ध मे थाना बकेवर पर मु0अ0सं0 153/2025 धारा 305(A)/331(4) बीएनएस पंजीकृत है।

बरामद मोटर साइकिल को एमवी एक्ट की धारा 207 में सीज किया गया ।

उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी एवं पुलिस मुठभेड के सम्बन्ध में थाना बकेवर पर मु0अ0सं0 236/25 धारा 109(पुलिस मुठभेड) बीएनएस व धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया तथा मु0अ0सं0 153/25 धारा 305(A)/331(4) में तथा मु0अ0सं0 235/2025 धारा 305(A)/331(4) बीएनएस में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गयी।

गिरफ्तार अभियुक्तगणः-

1. दलवीर पुत्र ओमकार निवासी फकीरेपुरवा थाना सहायल जनपद औरैया उम्र करीब 34 वर्ष।
2. शिवकरन उर्फ बब्लू पुत्र रतीराम निवासी फकीरेपुरवा थाना सहायल जनपद औरैया उम्र करीब 36 वर्ष।

आपराधिक इतिहासः-

अभियुक्त शिवकरन उर्फ बब्लू पुत्र रतीराम

1. मु0अ0सं0 228/2020 धारा 380/411/457 भादवि थाना दिबियापुर औरैया।
2. मु0अ0सं0 251/2021 धारा 380/411/457 भादवि थाना दिबियापुर औरैया।
3. मु0अ0सं0 310/2021 धारा 398/402 भादवि थाना दिबियापुर औरैया।
4. मु0अ0सं0 416/2021 धारा 3(1) गैंगेस्टर एक्ट थाना दिबियापुर जनपद औरैया।
5. मु0अ0सं0 007/2023 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना सहायल जनपद औरैया।
6. मु0अ0सं0 236/25 धारा 109(पुलिस मुठभेड) बीएनएस व धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना बकेवर जनपद इटावा।
7. मु0अ0सं0 153/25 धारा 305(a)/331(4)/317(2) बीएनएस थाना बकेवर जनपद इटावा।
8. मु0अ0सं0 235/2025 धारा 305(A)/331(4)/317(5) बीएनएस थाना बकेवर जनपद इटावा।

अभियुक्त दलवीर सिंह पुत्र ओमकार

1. मु0अ0सं0 236/25 धारा 109(पुलिस मुठभेड) बीएनएस व धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना बकेवर जनपद इटावा।
2. मु0अ0सं0 153/25 धारा 305(a)/331(4)/317(2) बीएनएस थाना बकेवर जनपद इटावा।
3. मु0अ0सं0 235/2025 धारा 305(A)/331(4)/317(5) बीएनएस थाना बकेवर जनपद इटावा।

बरामदगीः-

1. 02 तमंचा 315 बोर।
2. 03 खोखा कारतूस 315 बोर।
3. 04 जिन्दा कारतूस 315 बोर ।
4. 01 मोटर साइकिल स्पलेण्डर प्लस **(घटना में प्रयुक्त)**
5. 47000/- रुपये नकद
6. 01 अंगूठी सोने की
7. 01 कमर करधनी चांदी की
8. 02 जोड़ी पायल चांदी की

(मु0अ0सं0 235/2025 से संबन्धित) (items 5–8)

9. 11000/- रुपये नकद **(मु0अ0सं0 153/2025 से संबन्धित)**

पुलिस टीमः- उ0नि0 विपिन मलिक थानाध्यक्ष बकेवर, उ0नि0 हाकिम सिंह, उ0नि0 किशनपाल, हे0का0 रविशशि अवस्थी, हे0का0 जितेन्द्र, हे0का0 गजेन्द्र, का0 दुर्वेश ।